

# दिशा-परिक्षण
## (Direction Test)




Right (दाँये) → C.W. (दक्षिणावर्त)
Left (बाँये) → A.C.W. (वामावर्त)

(1). एक व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर 25 मी॰ चलता है तथा फिर दाँये मुड़कर 20 मी॰ चलता है। उसके बाद बाँये मुड़ता है तथा 22 मी॰ चलता है। उसके बाद दाँये मुड़कर 28 मी॰ चलता है तथा फिर बाँये मुड़कर 20 मी॰ चलता है। अंत में दाँये मुड़कर 18 मी॰ सीधा चला जाता है, तो बताइये अब वह किस दिशा में चल रहा है—





उत्तर
~~R~~
~~L~~
~~R~~
~~L~~
R
?

⇒ पूर्व (✓)

(2). एक दिन विश्वास पूर्व दिशा की ओर 30 मी॰ चलता है। उसके बाद बाँये मुड़कर 28 मी॰ चलता है तथा फिर दाँये मुड़कर 32 मी॰ चलता है। उसके बाद बाँये मुड़कर 25 मी॰ चलता है तथा फिर दाँये मुड़कर 31 मी॰ चलता है। अंत में दाँये मुड़ता है तथा 35 मी॰ की दूरी तय करने के लिए सीधा चला जाता है, तो बताइये अब वह किस दिशा में जा रहा है?


⇒ दक्षिण (✓)




पूर्व
L
R
L
R
R
?

(3). मोहन किसी दिशा में चलना प्रारम्भ करता है, वह 20 मी॰ चलने के पश्चात बाँए मुड़कर 15 मी॰ चलता है, फिर दाँए मुड़ता है और 15 मी॰ चलता है, वह पुनः दाँए मुड़ता है और 5 मी॰ चलता है, फिर वह बाँए मुड़कर 10 मी॰ चलता है, फिर वह दाँए मुड़कर चलना प्रारंभ करता है। यदि उसकी अंतिम दिशा पश्चिम है, तो उसने आरंभ में किस दिशा में चलना प्रारंभ किया था?


⇒ दक्षिण (✓)




?
L
R
R
L
R ⟶ का विपरीत = (L)
पश्चिम (West)

(4). रमेश किसी दिशा में 20 मी॰ चलता है, इसके पश्चात वह दाँए मुड़कर 10 मी॰ चलता है, फिर वह बाँए मुड़ता है और 15 मी॰ चलता है, वह पुनः दाँए मुड़कर 10 मी॰ चलता है, वह फिर बाँए मुड़कर 15 मी॰ चलता है और अंत में वह बाँए मुड़कर चलना प्रारम्भ करता है, यदि उसकी अंतिम दिशा दक्षिण थी, तो उसने आरंभ में किस दिशा में चलना प्रारंभ किया था?


⇒ पश्चिम (✓)





?
R
L
R
L
L ⟶ का विपरीत = (R)
दक्षिण (South)

(5). एक व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान करता है। पहले वह दाँए मुड़ता है, फिर बाँए मुड़ता है। उसके बाद वह फिर बाँए मुड़ता है, फिर दाँए मुड़ता है। अंत में वह फिर दाँए मुड़ता है, तो वह अब किस दिशा में है —

⇒ पूर्व (✓)




उत्तर
R
L
L
R
R
?




उत्तर-पूर्व (NE)
R
R
L
L
L
? उत्तर-पश्चिम


उत्तर (North)
?
R
L
L
R
R का विपरीत = (L)
पूर्व (East)

उत्तर (North)
?
R
R
L
L
L
L
R
R
L का विपरीत = (R)
पश्चिम (West)

उत्तर (North)
R
L
L
R
R
L
L
R
R
L
R
R
पूर्व (East)
R
? दक्षिण (South)

(6). एक व्यक्ति पूर्व दिशा मे 100मी॰ चलता हैं। उसके बाद बॉये मुड़कर 50मी॰ चलता हैं तथा फिर बॉये मुड़कर 75मी॰ चलता हैं। उसके बाद फिर से बॉये मुड़ता हैं तथा 60मी॰ चलता हैं। तथा फिर दॉये मुड़कर 25मी॰ चलता हैं। तो बताइये अब वह व्यक्ति प्रारम्भिक बिंदु से कितनी दूर व किस दिशा मे हैं?

⇒ 10 मी॰ दक्षिण (✓)




(अथवा)

पू॰ (E) ⟶ पश्चि॰ (W)

उ॰ (N) ⟶ द॰ (S)

| उ॰ (N) | पू॰ (E) | द॰ (S) | पश्चि॰ (W) |
| --- | --- | --- | --- |
| 50 | ~~100~~ | 60 | ~~75~~ ~~25~~ |

⇒ 60 − 50 मी॰


⇒ 10 मी॰ दक्षिण

# Direction Test

## PART–:2

(1). प्रिंस, पूर्व दिशा में 20 Km चलता है, उसके बाद दायीं ओर मुड़ता हैं और 15 Km चलता हैं, फिर वह बायीं ओर मुड़ता हैं और 20 Km चलता हैं, वह पुन: बायीं ओर मुड़ता हैं और 30 Km चलता, अंत में वह बायीं ओर मुड़ता है तथा 40 Km चलता हैं, तो बताइए प्रिंस प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?

⇒ 15 Km उत्तर





(अथवा)

| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 30 | 20 | 15 | 40 |
| | 20 | | |

⇒ 15 Km उत्तर

(2). मोहित उत्तर दिशा में 20 Km चलता है, उसके बाद दायीं ओर मुड़ता है और 10 Km चलता है, वह फिर दायीं ओर मुड़ता है तथा 10 Km चलता है। अंत में वह फिर दायीं ओर मुड़ता है तथा 10 Km चलता है, मोहित प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?

⇒ 10 Km उत्तर





(अथवा)

| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 20 | 10 | 10 | 10 |

⇒ 10 Km उत्तर

(3). प्रीति पूर्व दिशा में 50 Km चलती हैं, उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 40 Km, फिर दायीं ओर मुड़कर 20 Km, फिर दायीं ओर मुड़कर 40 Km चलती है, फिर दायीं ओर मुड़कर 10 Km चलती है, तो बताएं– प्रीति प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में हैं?

⇒ 60 Km पूर्व





(अथवा)

| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 40 | 50 | 40 | 10 |
| | 20 | | |

⇒ 60 Km पूर्व

(4). सोहित पूर्व दिशा में 40 km साइकिल चलाता है, फिर बायीं ओर मुड़कर 20 Km चलता है तथा अंत में फिर बायीं ओर मुड़कर 20 km चलता है, तो बताएँ सोहित प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?




$\sqrt{(20)^2+(20)^2}$

$\sqrt{400+400}$

$\sqrt{800}$

$\sqrt{2\times 400}$

⇒ $20\sqrt{2}$ Km उत्तर-पूर्व

(अथवा)

| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 20 | 40 | — | 20 |

पूर्व (E) → 20

उ॰ (N) → 20

(5). शिवम पूर्व दिशा में 6 Km चलता है, उसके बाद दक्षिण दिशा में 9 Km चलता है उसके बाद पूर्व दिशा में 6 Km चलता है, बताइए प्रारंभिक बिंदु से वह कितनी दूरी व किस दिशा में है?

| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| — | 6 | 9 | — |
| | 6 | | |

पूर्व (E) → 12

द॰ (S) → 9

$\sqrt{(12)^2+(9)^2}$


$\sqrt{144+81}$

$\sqrt{225}$

$\Rightarrow$ 15 Km दक्षिण-पूर्व

(6). खुशी एक निश्चित स्थान से 30 Km उत्तर की ओर चलती है और फिर अपने दायीं ओर मुड़कर 30 Km चलती है, फिर वह हर बार अपनी बाईं ओर घूमकर 20 Km, 30 Km, 20 Km जाती है। वह अपने प्रारंभिक स्थान से कितनी दूरी पर है?

$\Rightarrow$ 30 Km




(अथवा)

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 30 | 30 | 20 | 30 |
| 20 | | | |

$\Rightarrow$ 30 Km

(7). पारुल 14 Km पूर्व दिशा मे चलती है, तब वह अपने दायें मुड़ती है और 40 Km चलती है, फिर वह अपने बायें मुड़ती है और 10 Km चलती है। फिर वह अपने बायें मुड़ती है और 22 Km चलती है, फिर वह अपने बायें मुड़ती है और 24 Km चलती है, बताऐं वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है—

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 22 | 14 | 40 | 24 |
| | 10 | | |

$\Rightarrow$ 18 Km दक्षिण

(8). कुशल दक्षिण दिशा में 10 Km चलता है, फिर दायीं ओर मुड़कर 6 Km चलता है, फिर दायीं ओर मुड़कर 10 Km चलता है, फिर बाये मुड़कर 15 Km चलता है, बताइये वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है—

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| ~~10~~ | — | ~~10~~ | 6 |
| | | | 15 |

⇒ 21 Km पश्चिम।

(9). वैभव 6 Km पश्चिम दिशा में चलता है तथा वह दायें मुड़ता है और 8 Km चलता है, फिर वह बायें मुड़ता है और 9 Km चलता है, अंत में वह दायें मुड़कर मुड़कर 12 Km चलता है। वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 8 | — | — | 6 |
| 12 | | | 9 |

उ०(N) → 20
पश्चि०(W) → 15

$\sqrt{(20)^2 + (15)^2}$

$\sqrt{400+225}$

$\sqrt{625}$

⇒ 25 Km उत्तर-पश्चिम

(10). नेहा 20 Km दक्षिण में चलती है, फिर बाये मुड़कर 40 Km चलती है। फिर दायीं ओर मुड़ती है और 40 Km चलती है, फिर दायीं ओर मुड़ती है। और 40 Km चलती है। अंत में वह फिर दायीं ओर मुड़ती है और 20 Km चलती है, तो वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है–

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 20 | ~~40~~ | 20 | ~~40~~ |
| | | 40 | |

⇒ 40 Km दक्षिण

(11). निशान्त 40 Km उत्तर दिशा में चलता है, फिर दायीं ओर मुड़ता है तथा 70 Km चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 30 Km चलता है, अंत में वह फिर दायीं ओर मुड़ता है और 30 Km चलता है। अंत में फिर वह दायीं ओर मुड़ता है तथा 70 Km चलता है, तो बताएं प्रारंभिक बिंदु से वह कितनी दूरी तथा किस दिशा में है–

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| ~~40~~ | 70 | ~~70~~ | — |
| ~~30~~ | 30 | | |

⇒ 100 Km पूर्व

(12). एक व्यक्ति 4 Km पूर्व में जाता है, फिर 20 Km दक्षिण की ओर जाता है, फिर वह पूर्व की ओर 8 Km चलता है तथा अंत में 36 Km उत्तर की ओर चलता है, तो वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर है-

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| 36 | 4 | 20 | |
| | 8 | | |

उ०(N) → 16

पू०(E) → 12

$\sqrt{(16)^2 + (12)^2}$

$\sqrt{256 + 144}$

$\sqrt{400}$

$\Rightarrow$ 20 Km.

# Direction Test

## PART- 3

(1). संदीप 16 Km पूर्व दिशा में चलता है, फिर वह दांयी ओर मुड़कर 6 Km चलता है, फिर वह दायीं ओर मुड़कर 24 Km चलता है। प्रारंभिक बिंदु से वह कितनी दूरी पर है-

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| N | E | S | W |
| – | 16 | 6 | 24 |

8 → पश्चि० (W)

6 → द० (S)


$\sqrt{(8)^2 + (6)^2}$


$\sqrt{64 + 36}$

$\sqrt{100}$

⇒ 10 Km


(2). पाँच घर J, K, L, M, N इस प्रकार स्थित हैं, कि K, J के उत्तर में है। L, K के पूर्व में है। N, J के पश्चिम में है तथा M, N के दक्षिण में है। तो बताएँ M, L के किस ओर स्थित है?





⇒ दक्षिण पश्चिम

(3). पाँच शहर A, B, C, D, E हैं, जिनमें A, B के उत्तर में है। B, C के पश्चिम में है। C, D के दक्षिण में है तथा D, A के पूर्व में है, तो बताएँ B, D से किस दिशा में है?




⇒ दक्षिण पश्चिम

(4). शिवम दक्षिण दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह घड़ी की दिशा में 135° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 90° घूमता है, फिर घड़ी की दिशा में 180° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 135° तथा अन्त में दोबारा से घड़ी की विपरीत दिशा में 45° घूमता है, तो बताएँ अब शिवम का मुँह किस दिशा में है–





| CW | ACW |
|---|---|
| ~~135°~~ | 90° |
| 180° | ~~135°~~ |
| | 45° |
| 180° | 135° |

CW→ 45°

⇒ दक्षिण पश्चिम


(5). शौर्य दक्षिण-पूर्व दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह घड़ी की दिशा में 225° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 180° घूमता है, फिर 90° घड़ी की दिशा में तथा अंत में 135° घड़ी की विपरीत दिशा मे घूमता है; बताएँ अब शौर्य का मुँह किस दिशा में है?




| CW | ACW |
|---|---|
| 225° | 180° |
| 90° | 135° |
| ~~315~~ | ~~315~~ |

⇒ दक्षिण-पूर्व

(6). टीना उत्तर- दिशा में देख रही है, वह घड़ी की दिशा में 90° घूमती है, फिर 135° उसी दिशा में घूमती है और फिर 270° घड़ी की विपरीत दिशा में घूमती है, अब टीना किस दिशा में देख रही है?





| CW | ACW |
|---|---|
| 90° | 270° |
| 135° | |
| 225° | 270° |

ACW → 45°


⇒ उत्तर-पश्चिम

(7). तरूण पूर्व दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह निम्न प्रकार से घूमता है। ~~3R~~, ~~2L~~, ~~1R~~, ~~3L~~, ~~2R~~, ~~1L~~, 1R तो बताएँ अब तरूण का मुँह किस दिशा में है?




NOTE: 1 बार = 90°


⇒ दक्षिण




* एक व्यक्ति उत्तर में देख रहा है,
101 बार दाँए घूमने पर उसका मुँह किस दिशा में होगा— $\frac{101}{4}$ → 1 शेष
⇒ पूर्व

4 × x = समान दिशा
(Same Direction)

(8). संदीप दक्षिण-पश्चिम दिशा में देख रहा है, इसके बाद वह निम्न प्रकार से घूमता है। 18R, 25L, 30R, 33L, 55R, 18L, 22R, 99L
तो बतायें अब इसका मुँह किस दिशा में है—




| R | L |
|---|---|
| 2 ~~18~~ | ~~25~~ 1 |
| 2 ~~30~~ | ~~33~~ 1 |
| ~~3~~ ~~55~~ | ~~18~~ ~~2~~ |
| ~~2~~ ~~22~~ | ~~99~~ ~~3~~ |

R → 4
L → 2 ] 2

⇒ $2 \times 90°$
⇒ $180°$
⇒ उत्तर-पूर्व


## परछाई पर आधारित प्रश्न

उत्तर (N)
पश्चि॰ (W)
पूर्व (E)
द॰ (S)
उ॰पू॰ (NE)
द॰ पू॰ (SE)
उ॰ पश्चि॰ (NW)
द॰ पश्चि॰ (SW)

* एक दिन सुबह के समय A तथा B आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे, B की परछाई A के दाँये थी—


(i) A का मुँह कौन-सी दिशा में है— उत्तर

(ii) B का मुँह कौन-सी दिशा में है— दक्षिण




✲ एक दिन शाम के समय A तथा B आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे, B की परछाई A के दाँये थी—


(i) A का मुँह कौन-सी दिशा में है—उत्तर
(ii) B का मुँह कौन-सी दिशा में है—दक्षिण




शाम → पश्चि॰

✲ एक दिन सुबह के समय Y तथा Z आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे, Z की परछाई Y के दाँये थी—

(i) Y का मुँह कौन-सी दिशा में है—दक्षिण
(ii) Z का मुँह कौन-सी दिशा में है—उत्तर





सुबह → पूर्व

---

✲ एक दिन शाम के समय विश्वास व स्वीकृति आमने-सामने खड़े होकर बाते कर रहे थे, स्वी॰ की परछाई विश्वास के दाँये थी—

(i) स्वीकृति का मुँह कौन-सी दिशा में है- **दक्षिण**
(ii) विश्वास का मुँह कौन-सी दिशा में है-**उत्तर**



# Direction Test


## PART -: 4

### परछाई पर आधारित प्रश्न

(1). एक दिन सुबह के समय राम व श्याम आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे—
श्याम की परछाई राम के बाँये (Left) थी।

(i) राम का मुँह कौन-सी दिशा में था— उत्तर

(ii) श्याम का मुँह कौन-सी दिशा में था— दक्षिण





सुबह → पूर्व
बाँये

(2). एक दिन शाम के समय A व B आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे—
A की परछाई B के बाँये (Left) थी।

(i) B का मुँह कौन-सी दिशा में था— दक्षिण

(ii) A का मुँह कौन-सी दिशा में था— उत्तर





शाम → पश्चिम
बाँये

(3). एक दिन सुबह के समय विक्रम व मोहन आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे।
मोहन की परछाई विक्रम के बाँये (Left) थी।


(i) मोहन का मुँह कौन-सी दिशा में था— दक्षिण

(ii) विक्रम का मुँह कौन-सी दिशा में था— उत्तर




सुबह → पूर्व
बाँये

(4). यदि उत्तर-पूर्व को दक्षिण-पूर्व कहा जाए, और पूर्व को दक्षिण कहा जाए तो बताए उत्तर-पश्चिम को क्या कहा जाएगा–





उ०पू० → द० पू०

पू० → द०

उ० पश्चि० → ?

⇒ उत्तर-पूर्व

(5). यदि दक्षिण-पूर्व को उत्तर कहा जाए, उत्तर-पूर्व को पश्चिम कहा जाए तो बताएँ उत्तर-पश्चिम को क्या कहा जाएगा–





द० पू० → उत्तर

उ० पू० → पश्चिम

उ० पश्चि० → ?

⇒ दक्षिण

(6). यदि पूर्व को दक्षिण कहा जाए, दक्षिण-पूर्व को पश्चिम कहा जाए तो उत्तर-पश्चिम को क्या कहा जाएगा–




पूर्व → दक्षिण

द० पू० → पश्चिम

उ० पश्चि० → ?

⇒ 90°/135°/180° --- द० पू०

⇒ 90°/135°/90° --- उ० पू०

(7). A, B, C, D, E उत्तर की ओर मुँह करके एक पंक्ति में खड़े हैं। E, B से 80 मी० बायीं ओर खड़ा है। A, C से 40 मी० बायीं ओर खड़ा है। D, E से 40 मी० दायें और C से 100 मी० दायें खड़ा है। A तथा B के बीच की दूरी ज्ञात करें?

| L ↑ | R |
|---|---|

A 40 C 60 E 40 D 40 B

⇒ 180 मी०


NOTE–: 'और' शब्द का प्रयोग सदैव पहले वाले व्यक्ति तथा 'जो' शब्द का प्रयोग सदैव दूसरे वाले व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है।

# Direction Test

## PART-: 5

(1). A+B का अर्थ है, A, B के उत्तर में है, A×B का अर्थ है- A, B के दक्षिण में है। A÷B का अर्थ है A, B के पूर्व में है। A-B का अर्थ है- A, B के पश्चिम में है। यदि M÷N+O-Z हो, तो Z, N के किस दिशा में है?


⇒ दक्षिण-पूर्व




(2). I, A के पूर्व में है। R, B के पश्चिम में है, जो I के दक्षिण में है। K जोकि R और B के मध्य में है, A के दक्षिण में है। R, I के संदर्भ में किस दिशा में है?

जो → बाद


⇒ दक्षिण-पश्चिम




(3). संध्या, प्रवीण से पूर्व की ओर है, जो दिव्या से दक्षिण-पश्चिम की ओर है, जो विजय से उत्तर-पूर्व की ओर है। विजय दिव्या से दक्षिण-पश्चिम की ओर है और प्रवीण से दक्षिण की ओर। विजय के संदर्भ में संध्या किस दिशा में है-

⇒ उत्तर-पूर्व

जो → बाद, और → पहले





(4). एक घड़ी में 4:30 बजे हैं, यदि इस समय मिनट की सुई उत्तर-पश्चिम दिशा में हो, तो बताइये 7:15 बजे मिनट की सुई की दिशा क्या होगी-





4:30 → दक्षिण → उत्तर पश्चिम

7:15 → पूर्व → दक्षिण पश्चिम




⇒ दक्षिण-पश्चिम

(5). एक घड़ी मे 9:15 बजे है, यदि इस समय मिनट की सुई उत्तर दिशा में हो, तो बताइये 4:22 बजे मिनट की सुई की दिशा क्या होगी—




⇒ उत्तर-पूर्व

(6). श्याम पूर्व की ओर 5 Km चलता है और फिर बाएं मुड़कर 6 Km चलता है। फिर से वह दाये मुड़ता है और 9 Km चलता है। अंत में वह अपने दाये मुड़ता है और 6 km चलता है। वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है—

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| ~~6~~ | 5 | ~~6~~ | |
| | 9 | | |

⇒ 14 Km. पूर्व


(7). परांदा शहर ग्रीनलेक पर अवस्थित है। शहर अक्रम, परांदा के पश्चिम में है। शहर थोकाड़ा, अक्रम के पूरब में लेकिन परांदा के पश्चिम मे है। शहर कक्रम, बोपरी के पूरब में लेकिन थोकाड़ा और अक्रम के पश्चिम में है। यदि ये सभी शहर एक ही जिले मे हो तो बताएं कि सबसे पश्चिम में कौन-सा शहर है—

बोपरी- कक्रम-अक्रम - थोकाड़ा - परांदा
⇒ बोपरी

\# और / एवं / अथवा / किंतु / तथा / लेकिन / परंतु
↳ पहले


\# जो / जोकि / जबकि / जिसका / जिसकी
↳ बाद

(8). B, A के दक्षिण-पश्चिम की ओर है। C, B के पूर्व और A के दक्षिण-पूर्व की ओर है तथा D, C के उत्तर की ओर, B और, A के साथ समरेखा पर है। A के किस दिशा में D स्थित है—




⇒ उत्तर-पूर्व


(9). रमा विश्वविद्यालय में जाना चाहती है। वह पूर्व दिशा में स्थित अपने घर से चलना प्रारंभ करती है और एक चौराहे पर पहुँच जाती है। उसके बाईं ओर वाली सड़क एक सिनेमा घर पर जाकर समाप्त हो जाती है, उसके सामने की ओर अस्पताल है। बताएँ कि विश्वविद्यालय कौन-सी दिशा में है—




⇒ उत्तर

(10). तिलक पूर्व की ओर चलकर एक चौराहे पर पहुँचा। वह विश्वविद्यालय जाना चाहता है। उसके सामने वाली सड़क बाजार को जाती है, उसके बाईं ओर वाली सड़क राष्ट्रीय पार्क को जाती है। किस दिशा में विश्वविद्यालय है—


⇒ दक्षिण




निर्देशक-: यदि A×B का अर्थ है, कि- A, B के दक्षिण में है।
यदि A+B का अर्थ है कि- A, B के उत्तर में है।
यदि A÷B का अर्थ है कि- A, B के पूर्व में है।
यदि A−B का अर्थ है कि- A, B के पश्चिम में है।

(11). समीकरण F÷Q+R−S में S, Q के सापेक्ष किस दिशा में है-

⇒ दक्षिण-पूर्व





(12). एक बच्चा अपने पिता को खोज रहा है, वह पूर्व की ओर अपने दाईं ओर मुड़ने से पहले 90 मीटर गया, फिर वह अपने दाईं ओर मुड़ने से पहले 20 मीटर गया, फिर वह 30 मीटर अपने चाचा के यहाँ गया, उसके पिता वहाँ नहीं थे, फिर वहाँ से 100 मीटर उत्तर की ओर गया जहाँ सड़क पर उसके पिता मिल गए, उसके पिता उस बच्चे के चलने के प्रारंभिक स्थान से कितनी दूरी पर थे-

| उ० (N) | पू० (E) | द० (S) | पश्चि० (W) |
|---|---|---|---|
| 100 | 90 | 20 | 30 |

उत्तर → 80
पूर्व → 60

$\sqrt{(80)^2+(60)^2}$

$\sqrt{6400+3600} = \sqrt{10000} = 100$ मीटर




$$\sqrt{(80)^2 + (60)^2}$$

$$\sqrt{6400 + 3600}$$


$$\sqrt{10000}$$

$\Rightarrow$ 100 मीटर

# Direction Test

## PART-: 6

(1). राम और श्याम विपरीत दिशाओं में चलना शुरू करते हैं। राम 6 Km चलता है और श्याम 8 Km, फिर राम दाएँ घूमता है और 8 Km चलता है और श्याम बाएं घूमकर 6 Km चलता है। आरम्भिक स्थल से प्रत्येक कितनी दूर है?





$\sqrt{(8)^2+(6)^2}$

$\sqrt{64+36}$

$\sqrt{100} \Rightarrow 10$ Km

(2). राम और श्याम उत्तर दिशा की ओर चलना शुरू करते हैं और 20 मी॰ की दूरी तय करते हैं। राम अपने बाईं ओर मुड़ जाता है, और श्याम अपने दाईं ओर। कुछ समय बाद राम जिस दिशा में घूमा था, उसमें 10 मी॰ चलता है। दूसरी ओर श्याम केवल 7 मी॰ चलता है। बाद में, राम अपने बाईं ओर मुड़ जाता है और श्याम दाईं ओर। दोनों 25 मी॰ आगे बढ़ते हैं। राम, श्याम से कितनी दूर होगा?

⇒ 17 मीटर





(3). A, B, C, D, E उत्तर की ओर मुँह करके एक पंक्ति में खड़े हैं। E, B से 40 मी॰ बायीं ओर खड़ा है। A, C से 20 मी॰ बायीं ओर खड़ा है। D, E से 20 मी॰ दाएँ और C से 50 मी॰ दाएँ खड़ा है। A और B के बीच कितनी दूरी है –

A 20 C 30 E 20 D 20 B


⇒ 90 मीटर

(4). मेरा मुँह दक्षिण दिशा की ओर है। नि॰ लि॰ में से किस क्रम में घूमते रहने के बाद मेरा मुँह फिर उसी दिशा में होगा?




⇒ बाँए, दाँए, बाँए, दाँए, बाँए, बाँए, दाँए, ~~दाँए~~

(5). एक व्यक्ति पूर्व दिशा में देख रहा है, वह कैसे घूमे कि उसका मुँह उत्तर में हो जाए—





1 बार —: बाँए (L)
3 बार —: दाँए (R)

⇒ दाँए, बाँए, बाँए, दाँए, दाँए, बाँए, बाँए


(6). वायु सेना के चार विमान A, B, C तथा D एक प्रदर्शन उड़ान के लिए पूर्व की ओर चले। 50 Km उड़ने के बाद विमान A तथा D दाँई ओर उड़े, विमान B तथा C बाँई ओर उड़े। 50 km के बाद, विमान B तथा C अपने बाँई ओर उड़े। विमान A तथा D भी अपने बाँई ओर उड़े। अब विमान A, B, C, तथा D क्रमशः किस दिशा में उड़ रहे हैं?

⇒ पूर्व, पश्चिम, पश्चिम, पूर्व




(7). एक दिशा-खम्भा एक चौराहे पर लगा हुआ है, एक दुर्घटना के कारण वह खम्भा इस ढंग से मुड़ गया कि जो निर्देश पूर्व को दिखा रहा था, वह दक्षिण को दिखाने लगा। एक यात्री पश्चिम सोचकर गलत दिशा में चला गया। वह वास्तव में किस दिशा की ओर यात्रा कर रहा था?


⇒ उत्तर




(8). मीरा T बिंदु से सीधे चलकर U तक जाती है, जो 4 फीट दूर है। वहाँ से वह 90° पर बाएँ मुड़कर W तक जाती है। जो 4 फीट दूर है, फिर वह 90° दाएँ मुड़कर 3 फीट चलकर P तक जाती है, पुनः 90° दाएँ मुड़कर 1 फीट चलकर Q तक जाती है तथा फिर वह 90° पर बाएँ मुड़कर 1 फीट चलकर V तक जाती है तथा फिर वह 90° पर दाएँ मुड़कर 3 फीट चलकर O तक जाती है। तब T और O के बीच कुल दूरी क्या है—

| उ०(N) | पू०(E) | द०(S) | पश्चि(W) |
|---|---|---|---|
| 4 | ~~1~~ | — | ~~4~~ |
| 3 | ~~3~~ | | |
| 1 | | | |

⇒ 8 उत्तर
फीट




⇒ 4+3+1
⇒ 8 फीट, उत्तर

(9). विमला अपने घर से शुरू होती है और 30 मीटर उत्तर की ओर चलती है और फिर दाईं ओर मुड़ती है और 40 मीटर चलती है। फिर, वह बाएँ मुड़ती है और 35 मीटर चलती है। इसके बाद वह दाईं ओर मुड़ती है और 40 मीटर चलती है। वहाँ से वह दाएँ मुड़ती है और 85 मीटर चलती है। फिर, वह फिर से दाईं ओर मुड़ती है और 50 मीटर चलती है। वहाँ से, वह अंत मे दाईं ओर मुड़ती है 20 मीटर चलती है। वह अपने घर से कितनी

दूर है और अपने घर के संदर्भ में किस दिशा में है—

| उ०(N) | पू०(E) | द०(S) | पश्चि०(W) |
|---|---|---|---|
| 30 | 40 | 85 | 50 |
| 35 | 40 | | |
| 20 | | | |

⇒ 80 − 50

⇒ 30m, पूर्व

(10). अमीता उत्तर की ओर 20 मीटर चलती है और फिर दाईं ओर मुड़ती है और 30 मीटर चलती है। फिर वह बाँए मुड़ती है और 25 मी० चलती है। उसके बाद वह दाँए मुड़ती है और 30 मी० चलती है। वहाँ से, वह दाँए मुड़ती है और 65 मी० चलती है। फिर वह फिर से बाँए मुड़ती है और 40 मीटर चलती है। वह अंततः बाँए मुड़ती है और 20 मी० चलती है। वह अपने घर से कितनी दूर है, और अपने घर के संदर्भ में किस दिशा में है—

| उ०(N) | पू०(E) | द०(S) | पश्चि०(W) |
|---|---|---|---|
| 20 | 30 | 65 | |
| 25 | 30 | | |
| 20 | 40 | | |

⇒ 100m, पूर्व

(11). रतन उत्तर की ओर 15 मीटर चलता है तथा फिर दाँए मुड़कर 23 मीटर जाता है। फिर वह बाँए मुड़ता है तथा 16 मीटर चलता है। उसके बाद, वह बाँए मुड़ता है और 11 मीटर चलता है। तब वह दाँए मुड़ता है तथा 17 मीटर चलता है। उसके बाद वह बाँए मुड़ता है और 12 मी० चलता है। अंततः वह दाँए मुड़ता है और 19 मीटर चलता है। आरम्भिक बिंदु के संदर्भ में वह कितनी दूरी पर तथा किस दिशा में है—

| उ०(N) | पू०(E) | द०(S) | पश्चि०(W) |
|---|---|---|---|
| 15 | 23 | | 11 |
| 16 | | | 12 |
| 17 | | | |
| 19 | | | |

⇒ 67m, उत्तर


# ROJGAR WITH ANKIT

## Direction Test

### PART-: 7

(1). A और B एक ही बिंदु से शुरुआत करते हैं। A, 10 Km दक्षिण की ओर साइकिल चलाता है, फिर अपनी दाईं ओर मुड़ जाता है और 9 Km साइकिल चलाता है। B, 2 Km उत्तर की ओर साइकिल चलाता है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ जाता है और 15 Km साइकिल चलाता है, फिर अपनी बाईं ओर मुड़ जाता है और 12 Km साइकिल चलाता है। A की स्थिति से अब B कहाँ पर है—

⇒ 6 Km, पश्चिम




निर्देश— नि० लि० सूचना को ध्यान से पढ़कर इसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(i) P α Q का अर्थ → Q, P की दाईं ओर 1m की दूरी पर है।

(ii) P β Q का अर्थ → Q, P के उत्तर में 1m की दूरी पर है।


(iii) P γ Q का अर्थ → Q, P की बाईं ओर 1m की दूरी पर है।

(iv) P η Q का अर्थ → Q, P के दक्षिण में 1m की दूरी पर है।

(v) नीचे दिए हुए प्रत्येक प्रश्न में सभी व्यक्तियों का मुँह दक्षिण की ओर है।


(2). यदि A η B γ L β K, तब A के संदर्भ में K किस दिशा में है—

⇒ पूर्व





(3). यदि G α I η R α M, तब M, I के संदर्भ में किस दिशा में है—


⇒ दक्षिण-पश्चिम




(4). यदि A α B γ C β D, तब D, A के संदर्भ में किस दिशा में है —
⇒ उत्तर





(5). यदि R β L π S α N β F, तब N, L के संदर्भ में किस दिशा में है-
⇒ दक्षिण-पश्चिम




(6). उमेश सीधे P से Q तक गया जो 9 फीट दूर है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है और 4 फीट चलता है। इसके बाद वह दायीं ओर मुड़ा और कुछ दूर चला जो P से Q के बराबर है। अंत में वह दायीं ओर मुड़ा और 3 फीट चला। वह अब P से कितनी दूर है-
⇒ 1 फीट





(7). Z का घर P के घर से 45m दक्षिण में है। J का घर H के घर से 50m दक्षिण में है। Q का घर 30m पश्चिम से Z के घर तक है। M का घर P के घर से 50m उत्तर की ओर है। H का घर M के घर से 30m पश्चिम में है। Q के घर के संदर्भ में J का घर किस दिशा में और किस दूरी पर है?
⇒ उत्तर, 45m




(8). आठ विद्यार्थी A, B, C, D, E, F, G तथा H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर एक दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं। यदि B उत्तर-पूर्व दिशा में बैठा है, तो H किस दिशा में बैठा है-

→ घड़ी की दिशा में (CW)

⇒ उत्तर-पश्चिम





(9). गणेश साइकिल से दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर 8m की दूरी तय करता है, फिर पूर्व की ओर मुड़कर 20m की दूरी तक जाता है। वहाँ से वह उत्तर-पूर्व की ओर 8m जाकर पश्चिम की ओर 6m जाता है। वहाँ से वह उत्तर-पूर्व की ओर 2m की दूरी तक जाता है, फिर वह पश्चिम की ओर 4m चलता है और फिर दक्षिण-पश्चिम की ओर 2m जाकर उस स्थान पर रुक जाता है। वह प्रारंभिक स्थान से कितनी दूर है?




⇒ 6+4

⇒ 10 m

(10). दो महिला साइकिल-चालक A और B एक ही बिंदु से शुरू करती हैं। A पश्चिम की तरफ 8.5 Km साइकिल चलाती है, फिर अपने दाएँ तरफ मुड़ जाती है और आगे 7 Km की दूरी तक साइकिल-चलाती है। B पूर्व की तरफ 1 Km तक साइकिल-चलाती है, फिर उत्तर की तरफ मुड़ती है और आगे 7 Km तक साइकिल चलाती है, फिर अपने दाएँ तरफ मुड़ जाती है और आगे 2 Km की दूरी तक जाती है। अब A के संबंध में B कहाँ है-





⇒ 4.5 + 2


⇒ 6.5 Km, पूर्व

(11). बाबू, रहीम का पड़ोसी है और उसका मकान पश्चिमोत्तर दिशा में 200मी॰ की दूरी पर है। जोसेफ, रहीम का पड़ोसी है और उसका मकान दक्षिण-पश्चिम दिशा में 200मी॰ की दूरी पर है। गोपाल, जोसेफ का पड़ोसी है और वह दक्षिण-पूर्व दिशा में 200मी॰ की दूरी पर रहता है। राय, गोपाल का पड़ोसी है और उसका मकान पूर्वोत्तर दिशा में 200मी॰ की दूरी पर है। राय का मकान बाबू के मकान की किस दिशा में स्थित है—

⇒ दक्षिण-पूर्व




(12). A और B एक सीधी पूर्व पश्चिम सड़क पर एक-दूसरे से 20 Km की दूरी पर खड़े हैं। A और B एक साथ क्रमशः पूर्व और पश्चिम की ओर चलना प्रारंभ करते हैं और दोनो 5 Km की दूरी तय करते हैं। फिर A अपनी बाईं ओर मुड़कर 10 Km चलता है। उसी गति से B अपने दाईं ओर मुड़कर 10 Km चलता है। फिर दोनो अपने बाईं ओर मुड़कर उसी गति से 5 Km की दूरी तय करते हैं। इन दोनो के बीच में कितनी दूरी है?





20 − 10 = 10 Km

# Direction Test

## PART-: 8

(1). विराट दक्षिण-पूर्व दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह घड़ी की दिशा में 225° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 180° घूमता है, फिर 90° घड़ी की दिशा में तथा अंत में 135° घड़ी की विपरीत दिशा में घूमता है, बताएँ अब विराट का मुँह किस दिशा में है—


⇒ दक्षिण-पूर्व




| CW | ACW |
|---|---|
| 225° | 180° |
| 90° | 135° |
| 315° | 315° |

(2). मीना उत्तर दिशा में देख रही है, वह घड़ी की दिशा में 90° घूमती है, फिर 135° उसी दिशा में घूमती है और फिर 270° घड़ी की विपरीत दिशा में घूमती है, अब मीना किस दिशा में देख रही है—

⇒ उत्तर-पश्चिम





| CW | ACW |
|---|---|
| 90° | 270° |
| 135° | |
| 225° | 270° |

ACW → 45°

(3). अमित पूर्व दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह निम्न प्रकार से घूमता है। 3R, 2L, 1R, 3L, 2R, 1L, 1R तो बताएँ अब अमित का मुँह किस दिशा में है—


⇒ दक्षिण




| R | L |
|---|---|
| ~~3~~ | ~~2~~ |
| ~~1~~ | ~~3~~ |
| ~~2~~ | ~~1~~ |
| 1 | |

(4). संध्या उत्तर दिशा की ओर 25मी॰ चलती है, फिर, बाएँ मुड़ती है और 22मी॰ चलती है तथा फिर दाएँ मुड़ती है, और 30 मी॰ चलती है, उसके बाद वह बाँए मुड़ती है तथा 28 मी॰ चलती है तथा फिर दाएँ मुड़ती है और 35मी॰ चलती है, अंत मे बाएँ मुड़ती है और 25मी॰ चलती है, बताएँ संध्या अब किस दिशा मे चल रही है—

⇒ पश्चिम





(5). मनीष पूर्व की ओर 50मी॰ चलता है उसके बाद दाएँ मुड़ता है तथा 45मी॰ चलता है, फिर वह बाँए मुड़ता है और 48 मी॰ चलता है तथा फिर दाएँ मुड़ता है और 40मी॰ चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है तथा 45मी॰ चलता है अंत मे दाये मुड़ता है और 40मी॰ चलता है। बताइए अब उसका मुंह किस दिशा मे है—

⇒ दक्षिण




(6). रानी ने किसी दिशा मे चलना शुरू किया 40मी॰ चलने के बाद वह दाये मुड़ गई और 35मी॰ फिर वह बाँए मुड़ी तथा 38मी॰ चली, फिर वह दाये मुड़ी तथा 45 मी॰ चली तथा फिर बाँए मुड़कर 40 मी॰ चली, फिर वह दाएँ मुड़ी और 35 मी॰ चली। यदि अब वह पूर्व दिशा की ओर चल रही है, तो बताइए उसने किस दिशा मे चलना शुरू किया—

⇒ उत्तर




(7). एक विद्युत रेलगाड़ी पूर्व दिशा की ओर चल रही है। यदि हवा पश्चिम की ओर वह रही है, बताइये उस रेलगाड़ी का धुआँ किस दिशा मे जायेगा—

⇒ ज्ञात नही किया जा सकता।

(8). पूजा, पूर्व दिशा मे 50 Km चलती है, उसके बाद बायी ओर मुड़कर 40 Km, फिर दाँयी ओर मुड़कर 20Km, फिर दायीं ओर मुड़कर 40 Km, फिर दायीं ओर मुड़कर 10Km चलती है, तो बताएँ पूजा प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा मे है—

⇒ 60 Km, पूर्व


| उ० (N) | पू० (E) | द० (S) | पश्चि० (W) |
|---|---|---|---|
| ~~40~~ | 50<br>20 | ~~40~~ | 10 |

(9). कोमल, 14 Km पूर्व दिशा में चलती है, तब वह अपने दायें मुड़ती है और 40 Km चलती है, फिर वह अपने बायें मुड़ती है और 10 Km चलती है। फिर वह अपने बायें मुड़ती है और 22 Km चलती है, फिर वह अपने बायें मुड़ती है और 24 Km चलती है, बताएँ वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है–

| उ० (N) | पू० (E) | द० (S) | पश्चि० (W) |
|---|---|---|---|
| 22 | ~~14~~<br>~~10~~ | 40 | ~~24~~ |

⇒ 18 Km, दक्षिण

→ यदि वह अब अपने प्रारंभिक स्थान पर वापस जाना चाहे, तो उसे कौन-सी दिशा में चलना होगा– उत्तर





⇒ 18 Km,

(10). प्रशांत 40 Km उत्तर दिशा में चलता है, फिर दायीं ओर मुड़ता है तथा 70 Km चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 30 Km चलता है अंत में वह फिर दायीं ओर मुड़ता है और 30 Km चलता है, अंत में फिर वह दायीं ओर मुड़ता है तथा 70 Km चलता है, तो बताएँ प्रारंभिक बिंदु से वह कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| ~~40~~<br>~~30~~ | 70<br>30 | ~~70~~ | |

⇒ 100 Km, पूर्व

(11). यदि उत्तर-पूर्व को दक्षिण-पूर्व कहा जाए और पूर्व को दक्षिण कहा जाए, तो बताएँ, उत्तर-पश्चिम को क्या कहा जाएगा?




उत्तर-पूर्व → दक्षिण पूर्व


पूर्व → दक्षिण

उत्तर-पश्चिम → ?

⇒ उत्तर-पूर्व


(12). शाम के समय अंजना तथा वंशिका एक दूसरे के आमने-सामने बैठकर बातचीत कर रही थी। वंशिका की परछाई अंजना के दायीं ओर है, तो वंशिका का मुँह किस दिशा में है—

⇒ दक्षिण





(13). सुबह के समय अनुज एक खम्भे को देख रहा था, खम्भे की परछाई अनुज के दायीं ओर पड़ रही थी, तो बताएँ अनुज का मुँह किस दिशा में था—

⇒ दक्षिण




(14). सुबह के समय रमन और प्रदीप आमने सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। रमन की परछाई प्रदीप के बायीं ओर पड़ रही थी, तो बताएँ प्रदीप का मुँह किस दिशा में था?

⇒ उत्तर





→ प्रदीप कौन-सी दिशा से आया था/आ रहा है?

⇒ दक्षिण


(15). एक सुबह, दो दोस्त कनिष्का और प्रिया एक-दूसरे से बात कर रहे थे। यदि इस समय कनिष्का की परछाई प्रिया के ठीक बायीं ओर हो, तो कनिष्का का मुख किस दिशा में था?

⇒ दक्षिण



(16). एक सुबह, दो दोस्त हर्ष और किशोरी एक-दूसरे से बात कर रहे थे। यदि इस समय हर्ष की परछाई ठीक उसके दायीं (स्वयं) ओर हो, तो हर्ष का मुख किस दिशा में होगा?

⇒ दक्षिण





(17). एक सुबह सोहित और दिनेश एक-दूसरे से बात कर रहे थे। यदि इस समय सोहित की परछाई ठीक उसके पीछे हो, तो सोहित का मुख किस दिशा में होगा —

HW

(18). एक सुबह सुमित व मोहित एक-दूसरे से बात कर रहे थे, यदि इस समय मोहित की परछाई सुमित के पीछे है, तो


(i) मोहित का मुँह किस दिशा में है— पश्चिम

(ii) सुमित का मुँह किस दिशा में है— पूर्व




सुबह (सुमित, मोहित)

मोहित की परछाई सुमित के पीछे है —




(19). शाम (दीपक, रोहन)

दीपक की परछाई रोहन के आगे है।

